आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 24.02.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजभवन में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बनाई गई कॉफी टेबल बुक का विमोचन और डैशबोर्ड का लोकार्पण किया।
- विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने आज भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के मुख्यालय का उद्घाटन किया।
- शिक्षण और शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंतनगर विश्वविद्यालय और ऑस्ट्रेलिया के एक विश्वविद्यालय के बीच एम.ओ.यू.।
- प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव की संभावना।

**विमोचन/लोकार्पण**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजभवन में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बनाई गई कॉफी टेबल बुक का विमोचन और डैशबोर्ड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा पिछले वर्ष 31 जुलाई को केदारनाथ क्षेत्र में आई आपदा एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आई थी। इसमें सभी महत्वपूर्ण प्रयासों को एक पुस्तक के रूप में संकलित किया गया है, जो भविष्य के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का कार्य करेगी।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ क्षेत्र में 31 जुलाई 2024 को आई आपदा में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमों के साथ ही स्थानीय लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया।

**भराड़ीसैंण विधानसभा**

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने आज गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह संस्थान राज्य के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और नीति–निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध व प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भराड़ीसैंण में आगामी सत्र को पेपरलैस करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

**सतपाल महाराज**

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारत और नेपाल के बीच हवाई सेवाओं के विस्तार से दोनों देशों के बीच यात्रा में काफी सुविधा हो सकती है। उन्होंने नेपाल के महेंद्रनगर में "16वें सुदूर पश्चिम प्रदेश स्तरीय औद्योगिक व्यापार मेला और कंचनपुर पर्यटन महोत्सव" को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री महाराज ने कहा कि नेपाल के यात्रियों के लिए भारत में प्रवेश करने की प्रक्रिया को यदि सरल बना दिया जाये, तो इससे दोनों देशों के बीच सद्भाव बढ़ने के साथ ही पर्यटन में वृद्धि हो सकती है। महेंद्रनगर में आयोजित महोत्सव में नेपाल के विभिन्न विभागों के स्टॉल के साथ ही उत्तराखंड पर्यटन का स्टॉल भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

## पंतनगर विश्वविद्यालय एमओयू

पंतनगर विश्वविद्यालय और ऑस्ट्रेलिया के एक विश्वविद्यालय के बीच शिक्षण और शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा इससे दोनों विश्वविद्यालय के बीच शिक्षण और शोध में प्रगाढ़ता आएगी। साथ ही कृषि क्षेत्र में किए गए नवाचार का आदान–प्रदान होगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रदेश में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि 27 और 28 फरवरी को राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की उम्मीद है।

## दवा पैकेजिंग

प्रदेश में नकली दवाओं की रोकथाम के लिए औषधि विभाग ने केंद्र से दवाओं की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाले फॉयल, कार्टन पेपर की खुली बिक्री रोकने की सिफारिश की है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर ने ड्रग कंसल्टेटिव कमेटी को इस संदर्भ में पत्र लिखा है। औषधि विभाग के ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि कई राज्यों में फॉयल और कार्टन पेपर के दुरुपयोग के मामले सामने आए हैं। ऐसे में अब इन्हें लाइसेंस के तहत लाने की मांग उठ रही है। इसी के तहत केंद्र से फॉयल पेपर और कार्टन पेपर की बिक्री, लाइसेंस के तहत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

## टिहरी विस्थापित लॉटरी

टिहरी बांध परियोजना के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों के 35 पात्र विस्थापित कास्तकारों को आज लॉटरी के माध्यम से आवासीय भूखण्डों का आवंटन किया गया। शासन द्वारा गठित समिति के अधिकारियों ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की उपस्थिति में इन पात्र विस्थापित कास्तकारों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया से 200 वर्ग मीटर के आवासीय भूखण्ड आंवटित किये।

## यूसीसी बैठक चमोली

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आज समान नागरिक संहिता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभागीय कर्मचारियों का शत–प्रतिशत पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन कर्मचारियों के पंजीकरण की प्रगति सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने को भी कहा।